हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

04 संकल्प से समाधानः आरोन में उमड़ा ...




07 कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के कार्यालय के बाहर पर्यावरण की सुरक्षा...



## समाचार संक्षेप

### ग्राम सागर में रक्तदान शिविर, युवाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान




**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिवर के मार्गदर्शन में विकासखंड चांचौड़ा के ग्राम सागर में रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करना तथा आवश्यकता अनुसार रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा।खंड चिकित्सा अधिकारी बीनागंज डॉ. राजेश कुमार पुष्पक ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर के दौरान कुल 7 यूनिट रक्तदान किया गया।रक्तदान करने वालों में आकाश राजपूत, धनराज धाकड़, डॉ. नवीन चौधरी, गगन साहू, धर्मेंद्र अहिरवार, तुषार अहिरवार एवं रूपल वंशकार शामिल रहे। रक्तदान शिविर आयोजित करने का उद्देश्य थैलेसीमिया से पीड़ित रोगियों एवं उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के लिए समय पर सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना है।शिविर में डॉ. अमित जायसवाल, डॉ. ज्योति मीणा, हेमंत गोड़ (बीसीएम), प्रशांत निंगवाल (एलटी) एवं रिंकू निंगवाल (फार्मासिस्ट) द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। इस अवसर पर बीएमओ द्वारा उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा एवं रक्तदान के महत्व की जानकारी दी गई।

### स्व सहायता समूह उपलब्ध कराएंगे प्राकृतिक एवं हर्बल ग़ुलाल के होली हैम्पर




**गुना ।** म.प्र.डे.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला गुना अन्तर्गत कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एव अभिषेक दुबे द्वारा स्व सहायता समूह की दीदीयों को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से विभिन्न नवाचार एवं पहल की जा रही है एवं शासन स्तर से हर संभव सहयोग एवं प्रोत्साहन किया जा रहा है एवं स्व सहायता समूह सदस्यों को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता, विपणन एवं विभिन्न माध्यमो से प्रचार-प्रसार करने में महत्तवपूर्ण भूमिका रही है।जिला परियोजना प्रबंधक सोनू सुशीला यादव द्वारा बताया गया कि इसी क्रम में स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों के प्रचार-प्रसार, बाजार उपलब्ध कराना एवं ग्राहकों तक सरल पहुंच बनाने एवं वोकल फॉर लोकल एवं आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करते हुए होली पर्व के अवसर पर स्व सहायता समूहों द्वारा होली के अवसर पर उपयोग होने वाली विभिन्न सामग्री जैसे - गौशाला के गोबर से निर्मित गुलरियां, हर्बल ग़ुलाल, गुजियाँ, पपड़ी आदि का निर्माण किया जा रहा है एवं होली उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं। उक्त सभी उत्पाद होली के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर स्टॉल लगाकर उचित मूल्य पर विक्रय किये जावेंगे।इस नवाचार से एक और नागरिकों को शुद्ध एवं उचित दर पर सामग्री उपलब्ध होगी वहीँ दूसरी और त्योहारों के अवसर पर स्व सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण दीदियों को स्वरोजगार का अवसर एवं आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इसी क्रम में उक्त मेलाजिले में 28 फ़रवरी से 01 मार्च तक आयोजित किये जावेंगे। जिसमे गुना जिले की स्व सहायता समूह की दीदियाँ प्रतिभाग करेंगी। यह पहल ग्रामीण अंचल की महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी, उक्त मेलों के माध्यम से जहां एक ओर स्व सहायता समूह की दीदियाँ आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त होगी वहीँ दूसरी ओर सशक्त महिला सशक्त मध्यप्रदेश एवं आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार रूप मिलेगा।

# शहर में बच्चा चोरी की आशंका से अभिभावकों में दहशत

**बच्चा चोर गिरोह सक्रिय होने की चर्चाओं ने बढ़ा दी लोगों की चिंता**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना




गुना शहर में इन दिनों बच्चा चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय होने की चर्चाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। ताजा जानकारी के अनुसार बस स्टैंड क्षेत्र के पास से एक बच्चे के अचानक गायब होने की खबर सामने आई है, जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप की स्थिति बन गई है। हालांकि प्रशासन की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है, लेकिन लगातार सामने आ रही सूचना ओं ने लोगों को सतर्क रहने पर मजबूर कर दिया है।बताया जा रहा है कि पिछले दिनों श्रीराम कॉलोनी से भी एक बच्चे के लापता होने की घटना चर्चा में रही थी। वहीं कुछ दिन पहले बजरंगगढ़ क्षेत्र में महिलाओं द्वारा संदिग्ध बच्चा चोरी की कोशिश का मामला सामने आने से शहरवासियों में डर और गुस्सा दोनों बढ़ गया है। लगातार मिल रही ऐसी सूचनाओं ने यह संकेत दे दिया है कि अब लापरवाही भारी पड़ सकती है।

### अभिभावकों के लिए जरूरी समझाइश

छोटे बच्चों को अकेले बाजार, बस स्टैंड या सुनसान जगहों पर न भेजें।खेल मैदान, कॉलोनी और सार्वजनिक स्थानों पर बच्चों के साथ किसी बड़े का रहना जरूरी करें।अजनबी लोगों से बात करने या उनके साथ जाने से बच्चों को सख्ती से मना करें।स्कूल आने-जाने के समय विशेष निगरानी रखें।किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना दें ।

### सुरक्षा पर उठ रहे सवाल

शहर में लगातार सामने आ रही घटनाओं के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं। नागरिकों का कहना है कि संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और सीसीटीवी निगरानी मजबूत की जाए, ताकि अफवाह और वास्तविक घटनाओं के बीच सच्चाई सामने आ सके। फिलहाल जरूरत घबराने की नहीं, बल्कि सतर्क रहने की। थोड़ी सी सावधानी बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है। किसी भी अफवाह को फैलाने से बचें, लेकिन सुरक्षा को लेकर लापरवाही बिल्कुल न करें।

### रिपोर्ट दर्ज नहीं

ऐसी कोई घटना अभी तक तो मेरे संज्ञान में नहीं आई,अगर आपको कहीं से सूचना प्राप्त होती है तो मुझे बताइए। किसी थाने में भी कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई अभी तक। मैं तस्दीक करवा लेता हूं इस पूरे मामले की।

-- **अंकित सोनी** एसपी गुना

नगर पालिका में बढ़ता तनाव: कर्मचारियों ने उठाए गंभीर सवाल, व्यवस्था पर संकट

# नगर पालिका के इतिहास में यह अब तक का सबसे खराब दौर!

**नगर पालिका कर्मचारियों का फूटा गुस्सा, काम में बाधा और मानसिक प्रताड़ना के जड़े आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना




नगर पालिका के इतिहास में अब तक का सबसे खराब दौर चल रहा है, जो न कर्मचारियों के हित में है और न ही आम जनता केगुना। नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने अपने ही कार्यस्थल के माहौल को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। कर्मचारियों ने कहा कि कार्यालय एवं फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों के काम में लगातार बाधा उत्पन्न की जा रही है, जिससे वे मानसिक रूप से प्रताड़ित और परेशान महसूस कर रहे हैं।कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले कुछ समय से जनप्रतिनिधियों एवं आमजन द्वारा कर्मचारियों के साथ उचित व्यवहार नहीं किया जा रहा है। आए दिन बदसलूकी और अनावश्यक दबाव के कारण कर्मचारियों का मनोबल गिर रहा है और नगर पालिका के नियमित कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

### छवि धूमिल हो रही है नगर पालिका की

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि लगातार नकारात्मक माहौल और विवादों के चलते नगर पालिका की छवि धूमिल हो रही है, वहीं कर्मचारियों को भी गलत नजरिए से देखा जाने लगा है। कर्मचारियों ने प्रशासन से मांग की है कि कार्यालय में समन्वय का माहौल बनाया जाए और कार्य में बाधा डालने वालों पर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

### कर्मचारियों में बढ़ते मानसिक तनाव का क्या है कारण

नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों में बढ़ते मानसिक तनाव और कार्यस्थल के माहौल को लेकर असंतोष अब खुलकर सामने आने लगा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि कार्यालय एवं फील्ड में काम कर रहे कर्मचारियों के कार्य में लगातार बाधा डाली जा रही है, जिससे वे मानसिक रूप से प्रताड़ित और परेशान हो रहे हैं।

### बद से बदतर हो चुके हैं हालात

कर्मचारियों का कहना है कि हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि पिछले दिनों एक कर्मचारी कथित रूप से भारी मानसिक तनाव के चलते सीएमओ के कक्ष में ही जहर खाने जैसा कदम उठाने को मजबूर हो गया। इसके अलावा कई अन्य कर्मचारी भी गंभीर मानसिक दबाव से गुजर रहे हैं, जिनमें कई बीपी और शुगर जैसी बीमारियों से पीड़ित बताए जा रहे हैं।

### टूट रहा है कर्मचारियों का मनोबल

बताया गया कि लगातार विवाद, दबाव और असहज माहौल के कारण कर्मचारियों का मनोबल टूट रहा है और नगर पालिका के कामकाज पर सीधा असर पड़ रहा है।

कर्मचारियों का दावा है कि नगर पालिका के इतिहास में यह अब तक का सबसे खराब दौर चल रहा है, जो न कर्मचारियों के हित में है और न ही आम जनता के।

### शहर के लोगों में भी नाराजगी देखी जा रही है

एक और जहां कर्मचारियों में भारी असंतोष है तो वहीं दूसरी ओर शहर के लोगों में भी नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि परिषद की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ और इसी तरह हालात बने रहे, तो शहर की व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा सकती हैं।

### बड़ा सवाल

जब व्यवस्था संभालने वाली संस्था ही अंदरूनी तनाव से जूझ रही हो, तो शहर की उम्मीदें आखिर किस पर टिकेंगी? और उससे भी सवाल बड़ा यह है कि जब नगर को संभालने वाले कर्मचारी ही असुरक्षित और दबाव में होंगे, तो शहर की व्यवस्था आखिर सुधरेगी कैसे ?

### फतेहगढ़ थाना क्षेत्र से गुमशुदा नाबालिग बालिका को पुलिस ने राजस्थान के छबड़ा से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया

**गुना ।** गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त, संवेदनशील एवं मानवीय नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में अपहृत एवं गुमशुदा नाबालिग बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी हेतु अत्यंत गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निरंतर प्रभावी कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मान सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में फतेहगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी और उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र से नाबालिग बालिका की गुमशुदगी के मामले में सक्रिय एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए बालिका को राजस्थान के छबडा से सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिवार से मिला दिया है । उल्लेखनीय है कि दिनांक 20-21 फरवरी 2026 की दरमियानी रात फतेहगढ थाना क्षेत्र से 17 वर्षीय एक नाबालिग बालिका के लापता होने पर दिनांक 21 फरवरी 2026 को बालिका के पिता द्वारा फतेहगढ़ पर उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी । जिस पर से पुलिस ने अपराध प्रजीबद्ध कर बालिका की तलाश प्रारंभ की गई । पुलिस अधीक्षक श्री अंकित सोनी द्वरा नाबालिगों से संबंधित मामलों में शीघ्र, संवेदनशील एवं मानवीय दृष्टिकोण से कार्यवाही किए जाने के निर्देशों के पालन में पुलिस द्वारा बालिका की सरगर्मी से तलाश की गई और इस हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय करते हुए तथा विभिन्न तकनीकी संसाधनों का उपयोग सभी संभावित स्थानों पर सघन खोजबीन की गई । संकलित सूचनाओं के आधार पर बालिका के राजस्थान के बारां जिले के छबडा में होने की जानकारी प्राप्त होने पर फतेहगढ थाने से पुलिस की एक टीम छबडा पहुंची और दिनांक 26 फरवरी को बालिका को छबडा से सुरक्षित दस्तयाब कर गुना लेकर आए एवं विधिवत कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से बाल कल्याण समिति अध्यक्षा श्रीमति डॉ. नीरू शर्मा एवं समिति सदस्यों के द्वारा आवश्यक कार्यवाही पूरी कर बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी, सउनि दिलीप रघुवंशी, प्रधान आरक्षक सरनाम सिंह, प्रधान आरक्षक चंद्रसेन फालके, आरक्षक सुनील कुमार, आरक्षक विवेक सिंह, आरक्षक हरिओम परमार, आरक्षक बृजेन्द्र कुशवाह, आरक्षक दिव्यांश भार्गव, आरक्षक बृजमोहन, आरक्षक कांजराज बारेला, थाना कोतवाली से महिला आरक्षक अनुराधा तिर्की एवं सायबर सेल से आरक्षक कुलदीप यादव व आरक्षक भूपेन्द्र खटीक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

# ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी किसान सहित 3 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के कुंभराज थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कृषि उपज मंडी में धनिया बेचकर लौट रहे किसान की ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली मृगवास मार्ग पर सिंगपुरा स्थित गणेशपुरा मंदिर के पास घाटी में अनियंत्रित होकर पलट गई।



हादसे में बकोन्या निवासी बाबूलाल मीणा (60), जगदीश अहिरवार (45) और रमन अहिरवार (22) ट्रॉली में लदे भारी लोहे के सरियों के नीचे दब गए, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर बाबूलाल का बेटा चला रहा था।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से सरिए हटाकर शवों को बाहर निकाला। हादसे के चलते मार्ग पर घंटों जाम लगा रहा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।एक ही गांव के तीन लोगों की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है।

# लापरवाही बरतने वाले 6 कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन कटा

**सीएमओ ने किया प्रातःकालीन सफाई का निरीक्षण**



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री द्वारा आज वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 में प्रातः कालीन स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद विनोद लोधा तथा वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद प्रतिनिधि लालाराम लोधा के साथ वार्ड में भ्रमण कर स्वच्छता व्यवस्था एवं पार्षदों की मांगों का निरीक्षण किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री ने बताया कि वार्डों में कार्यरत 06 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिनके एक-एक दिवस के वेतन काटने के निर्देश स्वच्छता प्रभारी को दिए गए हैं। इसके अलावा पार्षदों द्वारा नाली निर्माण, गलियों में सड़क मरम्मत आदि की मांग की जा रही थी, जिसे वार्ड के प्रभारी उपयंत्री को एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिये गये है। निरीक्षण के दौरान मुख्य सड़क के किनारे दुकानदारों को डस्टबिन रखने के निर्देश दिए हैं, साथ ही अमानक पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने के भी निर्देश दिए हैं, जिससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था बनी रहे। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री नितिन चंदेल, अमित आर्य, बृजमोहन खरे, राजेश सिलवट तथा नगर पालिका की सहयोगी स्वछता टीम सिद्धिविनायक के सदस्य उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत हाईवे पर बने 14 अवैध कट हटाए गए



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं अपर कलेक्टर अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी राघौगढ़ अमित सोनी द्वारा राघौगढ़ क्षेत्रांतर्गत स्थित हाईवे पर सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं एनएचएआई के अधिकारी/कर्मचारी को हाईवे पर बने अवैध कट को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। निर्देशानुसार नायब तहसीलदार राघौगढ़ सुश्री रेणु कांसलीवाल, राजस्व अमला, पुलिस अमला एवं एनएचएआई के अधिकारी/कर्मचारी द्वारा गौरा की पुलिया रूठियाई से लेकर दौराना तक राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण किया जाकर कुल 14 अवैध कट चिन्हित किए गए। अवैध कट होटल, ढाबे, ईंट भट्टे संचालकों द्वारा बनाए गए हैं। सभी अवैध कट जेसीबी के माध्यम से हटाए गए हैं। अगर आगे किन्ही के भी द्वारा भी अवैध रूप से रास्ते बनाए जाएंगे तो उनके विरुद्ध चालानी एवं दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने कार्रवाई के लिए दिए निर्देश

# पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस कन्ट्रोल रूम में ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रुम में जिले में पुलिस कार्यप्रणाली की समीक्षा बैठक ली गई। समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर सहित समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

पुलिस महानिरीक्षक अरविन्द कुमार सक्सेना द्वारा जिले में लंबित एससी-एसटी एक्ट से संबंधित अपराधों की स्थिति की समीक्षा की गई, इस दौरान थानावार लंबित अपराधों, लंबित चालान, लंबित राहत प्रकरणों की समीक्षा कर भविष्य में इन मामलों में और अधिक प्रभावी एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश प्रदान किए गए । इसके साथ ही प्रकरणों में निष्पक्ष विवेचना, दोषियों पर कार्यवाही, पीडितों को त्वरित न्याय व सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया एवं एससी-एसटी एक्ट से जुड़े मामलों की उच्चाधिकारियों के द्वारा सतत निगरानी एवं थानों में प्राथमिकता से समीक्षा करने तथा एससी-एसटी बाहुल्य क्षेत्रों में जनचेतना शिविर लगाकर उन्हें उनके विधिक अधिकारों व उनके हित में शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिए गए साथ ही आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर कार्यवाही हेतु निम्नानुसार निर्देश दिए गए :-सभी प्रकार के लंबित अपराधों का एक निश्चित समयावधि में निराकरण किया जाए । लघु अधिनियम जुआ, सट्टा, अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ, अवैध आर्म्स, अवैध पशु परिवहन, आदि के विरूद्ध अभियान चलाकर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही की जाये । सभी लेवल पर सीएम हेल्पलाइन, सीएम मोनिट, सीएम हाउस एवं बरष्ठि कार्यालयों की लंबित शिकायतों का समयावधि में संतुष्टि पूर्वक निराकरण करें ।नाबालिगों के अपहरण के मामलों में तत्परता से कार्यवाही कर अपहृतों को यथा शीघ्र दस्तयाब करें । संपत्ति संबंधी अपराधों में सक्रियता से कार्यवाही करें और संपूर्ण रिकवरी के प्रयास किये जायें। थाना क्षेत्र के असामाजिक तत्वों की सूची तैयार कर उन पर अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें । थानों पर रखे जाने वाले विभिन्न रजिस्टरों का संधारण सुव्यवस्थित तरीके से किया जावे। सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी अपने पास लंबित विभागीय शिकायत जांच यथाशीघ्र पूर्ण कर भेजें । ऐसे अपराधी जो किसी गंभीर अपराध में जमानत पर है और अपने जमानत पर रहने के दौरान भी अन्य आराधिक गतिविधियों में संलिप्त है, ऐसे अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण की प्रभावी कार्यवाही करें ।

आगामी त्यौहार होली, ईद-उल-फितर, रामनवमी, महावीर जयंती, अंबेडकर जयंती आदि त्यौहारों के दौरान समुचित व्यस्था लगाई जाकर त्यौहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराया जाए। सायबर अपराधों के प्रति जन जागरूकता हेतु थाना क्षेत्रों में समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं ।



## समाचार संक्षेप

### किला परिसर, आरोन में शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन

आरोन। नगर के ऐतिहासिक किला परिसर स्थित श्री नरसिंह मंदिर श्री राम मंदिर परपावन शिव महापुराण कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया जा रहा है। धार्मिक वातावरण में आयोजित इस कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति देखी जा रही है।कथावाचक पंडितश्रीराम भार्गव के मुखारविंद से किया जा रहा है, जो शिव महिमा एवं पुराण प्रसंगों का सारगर्भित वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रहे हैं। यह धार्मिक आयोजन 15 फरवरी 2026 से प्रारंभ हुआ है।प्रतिदिन कथा का समय शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक निर्धारित किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित होकर कथा श्रवण कर रहे हैं।इस आयोजन के संचालक रवि दत्त भार्गव हैं। कथा समिति द्वारा समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिव महापुराण कथा का श्रवण करें और धर्म लाभ अर्जित करें।

### इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेटरी परीक्षा में पास होकर अमन चंदेल ने किया गांव का नाम रोशन



गुना/अशोकनगर। जिले के एक छोटे से गांव सादौए के रहने वाले माता पिता अशोक कांता चंदेल के के पुत्र अमन चंदेल ने इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ़ इंडिया (CS) के प्रोफेशनल प्रोग्राम की परीक्षा पास कर अपने माता-पिता और गांव सादौए और अशोकनगर जिले का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार समाज रिश्तेदारों ईस्ट मित्रों ने उनकी इस उपलब्धि पर उनको बधाइयां शुभकामनाएं दी है। अमन एक माध्यम परिवार से आते हैं। अमन की आरंभिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय सेमरी जुम्मन से माध्यमिक परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय खिरिया अशोकनगर से उच्चतर माध्यमिक की परीक्षा गुना के केंद्रीय विद्यालय से उत्तीर्ण कर सीएस परीक्षा की तैयारी इंदौर मैं रहकर की अभी अमन इंदौर की सयाजी ग्रुप कंपनी मै ट्रेनिंग पर है। इस उपलब्धि पर गुना एवं अशोकनगर चंदेल समाज के अध्यक्ष और उनके रिश्तेदार और मित्रों ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाइयां दी उज्जवल भविष्य की कामना की।

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से नई मुस्कान

गुना। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत गुना जिले में एक और प्रेरणादायक सफलता कहानी सामने आई है। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में मासूम अनिकेत को जन्मजात विकृति से पूर्णतः स्वस्थ किया गया।ग्राम बापचा, तहसील राघौगढ़ निवासी ब्रजमोहन के परिवार में तीन बेटियों के बाद पुत्र अनिकेत का जन्म जामनेर के शासकीय अस्पताल में सामान्य प्रसव से हुआ। परिवार में खुशी का माहौल था, किंतु जन्म के समय चिकित्सकों ने पाया कि बच्चे के दोनों पैर अंदर की ओर मुड़े हुए हैं, जिसे चिकित्सकीय भाषा में क्लब फुट कहा जाता है। जामनेर प्रसव केंद्र से डॉ. मोहित यादव द्वारा तुरंत RBSK टीम को सूचना दी गई। तत्पश्चात बच्चे को जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र रेफर किया गया। DEIC में जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक विनीता सोनी के समन्वय में तथा अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से जिला चिकित्सालय में संचालित क्लब फुट क्लीनिक में उपचार प्रारंभ किया गया।

# संकल्प से समाधानः आरोन में उमड़ा हितग्राहियों का जनसैलाब





### 106 योजनाओं का लाभ पहुंचाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

मध्य प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए 'संकल्प से समाधान' अभियान का प्रभावी आगाज हो गया है। इसी तारतम्य में नगर परिषद आरोन द्वारा स्थानीय सामुदायिक भवन में एक विशेष शिविर (कलस्टर कैंप) का भव्य आयोजन किया गया।पात्रता से लाभ तक का सफरशासन के निर्देशानुसार कुल 106 जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुँचाना इस अभियान का मुख्य लक्ष्य है। शिविर के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अरुणा शैलेश जैन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति जानकारी के अभाव में लाभ से वंचित न रहे।

#### मौके पर हुआ आवेदनों का निराकरण

मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी एवं सी.ओ. शेख जिगर मोहम्मद के नेतृत्व में नगर परिषद की टीम ने शिविर में प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी की। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें न केवल आवेदन लिए गए, बल्कि पूर्व में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण कर हितग्राहियों को राहत प्रदान की गई। सुश्री सौभागिनी गौर द्वारा सोशल प्रोफाइलिंग के माध्यम से हितग्राहियों का डेटा संकलन और योजनाओं की पात्रता सुनिश्चित की गई।

#### विभागीय समन्वय की मिसाल

शिविर में केवल नगर परिषद ही नहीं, बल्कि अन्य महत्वपूर्ण विभागों ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता निभाईः महिला एवं बाल विकास विभागः लाड़ली लक्ष्मी और पोषण संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। सआयुष्मान कार्ड और स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी स्टाल लगाए।

**नगर परिषद स्टाफः** आवास योजना, पेंशन योजना और राशन कार्ड संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया।

#### इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर नगर परिषद का समस्त प्रशासनिक स्टाफ, महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य केंद्र का मेडिकल स्टाफ और बड़ी संख्या में नगर के प्रबुद्ध जन एवं हितग्राही उपस्थित रहे।



### राघोगढ़ में अमित शाह यूथ ब्रिगेड की बैठक में युवा शक्ति को संगठित करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

अमित शाह यूथ ब्रिगेड की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन राघोगढ़ तहसील में नंदू भैया के नेतृत्व में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेड के राज्य महामंत्री कश्यप (नंदू भैया) उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात कार्यकर्ताओं द्वारा साल, श्रीफल एवं फूलमालाओं से नंदू भैया का भव्य स्वागत किया गया।अपने संबोधन में नंदू भैया ने संगठन की रीति-नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्रिगेड का उद्देश्य युवा शक्ति को जागृत करना है। यह संगठन देशहित, राष्ट्र सेवा, गौ सेवा और सनातन संस्कृति के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि माननीय अमित शाह के सिद्धांतों और विचारों को समाज की अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना संगठन का प्रमुख लक्ष्य है।बैठक के दौरान राघोगढ़ तहसील कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। अशोक दांगी को तहसील अध्यक्ष, मयंक सोनी को उपाध्यक्ष, गोलू केवट, रामबाबू सहरिया, रवि बुनकर और सोनू सैनी को संगठन मंत्री, दीपक सैनी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। साथ ही अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की ओर से शुभकामनाएं दी गईं। बैठक का संचालन मयंक सोनी द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन तहसील अध्यक्ष अशोक दांगी ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ नागरिक परिसंघ जिला गुना का स्थापना दिवस और जिला सम्मेलन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

वरिष्ठ नागरिक परिसंघ जिला गुना का स्थापना दिवस एवं जिला सम्मेलन 28 फरवरी को वरिष्ठ नागरिक परिसंघ प्रतिवर्ष फरवरी माह में स्थापना दिवस धूमधाम से मानता आ रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष 28 फरवरी को दोपहर 12 बजे से 3:00 तक रेड क्रॉस भवन जिला चिकित्सालय परिसर में मनाया जावेगा। इस आयोजन में वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी सुरेश पालीवाल अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिलीप गोलवलकर प्रदेश अध्यक्ष एवं माननीय चंद्रशेखर व्यास प्रदेश महामंत्री की उपस्थिति में मध्य प्रदेश में गुना मैं आजीवन सदस्यता प्रथम स्थान पर रही है 75 वर्ष पूर्ण कर चुके आजीवन सदस्यों को सम्मानित किया जावेगा एवं 2025 में नवीन सदस्यों को भी सम्मानित किया जाएगा सभी के परिचय एवं मुख्य अतिथियों के मार्गदर्शन संबोधन के उपरांत सह भोज के साथ समापन होगा अध्यक्ष बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा सभी आजीवन सदस्यों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनावे।

## वार्ड 4 में गंदगी का अंबार, नालियों की सफाई के बाद सड़कों पर छोड़ा कचरा, सामूहिक बीमारी फैलने का बढ़ा डर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शहर के वार्ड क्रमांक 4 के निचले हिस्से में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आलम यह है कि गलियों में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं और पूर्व में नगर पालिका द्वारा साफ की गई नालियों का कचरा भी सड़कों पर ही छोड़ दिया गया है। इस समस्या को लेकर स्थानीय निवासी और सेवानिवृत्त शिक्षक नसीम कुरेशी ने नगर पालिका अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और वार्ड पार्षद को पत्र लिखकर तत्काल निराकरण की मांग की है।सफाई के नाम पर खानापूर्ति, नालियां फिर हुईं चोकशिकायती पत्र के अनुसार, कुछ दिन पूर्व नगर पालिका के सफाई कर्मियों ने रहीम चौक और नसीम शिक्षक के निवास के पास की गलियों की नालियों की सफाई की थी। उस समय कचरा गीला होने के कारण उसे वहीं सड़कों पर छोड़ दिया गया था। अब वह कचरा पूरी तरह सूख चुका है, लेकिन नगर पालिका ने उसे वहां से नहीं उठाया। परिणाम स्वरूप, वह सूखा कचरा वापस नालियों में गिर रहा है, जिससे नालियों का पानी फिर से अवरुद्ध हो गया है और क्षेत्र में भारी बदबू फैल रही है।बीमारी का खतरा और रास्ते की बदहालीवार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि क्षेत्र में गंदगी के कारण इंदौर की तर्ज पर कोई सामूहिक जानलेवा बीमारी फैल सकती है। इसके अलावा, निचली बस्ती की एक महत्वपूर्ण गली, जो लगभग 22 मीटर लंबी और 1.5 मीटर चौड़ी है, वह रखरखाव के अभाव और अत्यधिक नीची होने के कारण गंदे पानी से लबालब भरी रहती है। इस जलजमाव के कारण बस्ती के लोगों का वहां से निकलना दूभर हो गया है।नपा प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांगस्थानीय निवासियों ने मांग की है कि कचरे के ढेरों को तुरंत उठवाया जाए, क्षेत्र में व्यापक स्तर पर सफाई कराई जाए और जलजमाव वाली गली का कंक्रीट निर्माण कराया जाए।

## आनंदपुर ट्रस्ट की भूमि, क्रय व अतिक्रमण को लेकर विधानसभा में उठा प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



अशोकनगर विधानसभा से विधायक इंजीनियर हरिबाबू राय द्वारा विधानसभा में जिला अशोकनगर के अंतर्गत संचालित आनंदपुर ट्रस्ट से संबंधित भूमि के स्वामित्व, क्रय एवं अतिक्रमण के मुद्दे पर गंभीर प्रश्न उठाया गया। यह प्रश्न राजस्व विभाग से संबंधित था, जिसका राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने सदन में दिया।

राजस्व मंत्री द्वारा दिए गए लिखित उत्तर के अनुसार, जिला अशोकनगर की तहसील ईसागढ़ एवं तहसील अशोकनगर में श्री आनंदपुर ट्रस्ट संचालित है। ईसागढ़ तहसील के अंतर्गत आनंदपुर, नैथाई, दयालपुर, जमडेरा, शांतपुर, कुलवार, सकर्रा, गोपालपुर, ईसागढ़, बहेरिया उर्फ रूपनगर एवं एक्लोन सहित विभिन्न ग्रामों में ट्रस्ट के नाम कुल 1948.181 हेक्टेयर भूमि निजी संस्था के रूप में दर्ज है। वहीं तहसील अशोकनगर के ग्राम बांसाखेड़ी, पंवारगढ़ एवं कस्बा अशोकनगर में ट्रस्ट के नाम 157.774 हेक्टेयर भूमि दर्ज होना बताया गया।

प्रश्न के दूसरे भाग में यह तथ्य सामने आया कि तहसील अशोकनगर के ग्राम बांसाखेड़ी में शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 267, रकबा 0.618 हेक्टेयर पर आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा अतिक्रमण पाया गया है। इसके अतिरिक्त वन विभाग की बीट आनंदपुर, वनखण्ड ईसागढ़ के कक्ष क्रमांक त्थ-25 की 3.52 हेक्टेयर भूमि पर भी अतिक्रमण की पुष्टि राजस्व विभाग द्वारा की गई है। विधायक इंजीनियर हरिबाबू राय ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य समुदायों की भूमि क्रय, शासकीय एवं वन भूमि पर अतिक्रमण जैसे संवेदनशील विषयों को सदन में उठाकर यह स्पष्ट किया कि सार्वजनिक एवं वंचित वर्गों की भूमि की रक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने मांग की कि इन सभी मामलों की विस्तृत सूची, नाम, सर्वे नंबर एवं रकबा सहित सार्वजनिक की जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह मामला न केवल राजस्व एवं वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है, बल्कि जिले में भूमि संरक्षण और पारदर्शिता की आवश्यकता को भी रेखांकित करता है।

### गांधी पार्क पर होगा 15 फीट होलिका का दहन



**अशोकनगर।** रंगों के पर्व होली के अवसर पर शहर में होलिका दहन की तैयारी भी आरंभ हो गई है। शहर भर में करीब 70 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए होलिका दहन समिति तैयारी में जुट गई है।

शहर के हृदय स्थल गांधी पार्क चैराहे पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होलिका दहन एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति हिंदू उत्सव समिति तैयारी में जुट गई है। समिति द्वारा इस वर्ष 15 फीट ऊंची होली का दहन किया जाएगा। जिसके लिए होलिका की प्रतिमा बनवाई गई है। समिति के अध्यक्ष अजय शर्मा ने बताया कि शहर में हिंदू उत्सव समिति द्वारा आयोजित किए जाने वाला होलिका दहन का आयोजन हर वर्ष भव्य स्वरूप में किया जाता है। इस वर्ष भी समिति द्वारा 2 मार्च को रात्रि 10:00 बजे गांधी पार्क चैराहे पर होलीका दहन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 15 फीट ऊंची होली का तैयार की जाएगी जिसके लिए होलिका की प्रतिमा तैयार की गई है। इस प्रतिमा को मूर्तिकार सीताराम पाल द्वारा तैयार किया गया है। इस होली का दहन में 8 फीट की होली लकड़ी कांडों से सजाई जाएगी उसके ऊपर 7 फीट ऊंची होलिका की प्रतिमा रखी जाएगी। जिसमें होलिका की गोद में 3 फीट की भक्त प्रहलाद की प्रतिमा रखी जाएगी। गांधी पार्क चैराहे पर लोग दिन में होलिका की पूजन कर सके एवं दर्शन कर सके इसके लिए समिति द्वारा सुबह 9:00 से होलिका दहन की तैयारी पूर्ण कर दी जाएगी तथा रात्रि 10: 00 बजे पूजन पश्चात होलिका दहन एवं होली मिलन समारोह का आयोजन होगा।

### एक में ताला तोड़ा, दूसरे में बाहर से कुंडी लगाई

## पुलिस की सक्रियता के बीच दो मकानों में घुसे चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



बहादुरपुर कस्बे की जैन मंदिर गली में बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात दो मकानों में चोरी का प्रयास हुआ, हालांकि पुलिस की सक्रियता और मकान मालिक की सजगता से यह प्रयास असफल रहा। किंतु इस घटना ने कस्बे में दहशत पैदा कर दी है।

बताया गया है कि बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात पुराना बाजार स्थित जैन मंदिर गली में गोलू जैन के घर में अज्ञात चोर घुस गए। चोरों ने जैसे ही ताला तोड़ा तो दूसरे कमरे में सो रहे गोलू की नींद खुल गई, वह बाहर निकले तो चोर भागने लगे। एक चोर को गोलू ने देखा भी लेकिन वह छत पर था इसलिए उसे पकड़ नहीं पाए। उन्होंने पुलिस को तुरंत सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो मालूम हुआ कि चोर पड़ोस में हरिओम त्रिवेदी के घर में भी घुसे थे। जहां उन्होंने जितने कमरे थे, सभी की कुंडी बाहर से लगा दी। वह चोरी का प्रयास करते लेकिन इससे पहले पुलिस आ गई, इसलिए चोर भाग निकले।

#### एएसआई और आरक्षक दे रहे थे पैदल गश्त

खास बात है कि रात के जिस समय चोरी का प्रयास किया गया, उससे महज एक घंटे पहले ही एएसआई राजकुमार भट्ट और आरक्षक महेश भील जैन मंदिर गली में पैदल गश्त करते हुए निकले थे। वहीं घटना स्थल से महज सौ मीटर की दूरी पर पुलिस वाहन गश्त दे रहा था। ऐसे में चोरों ने मुख्य मार्ग से घरों में घुसने के बजाय पीछे नदी के रास्ते आना चुना, जहां से वह पेड़ आदि पर चढ़कर घरों में दाखिल हुए। गली में कई सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, पुलिस मामले की तफ्तीश के लिए उनके फुटेज ले रही है।

### ईसागढ में आयुर्वेद चिकित्सक द्वारा वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

संचालनालय आयुष विभाग के आदेशानुसार तथा कलेक्टर साकेत मालयीय के मार्गदर्शन में आयुष विभाग एवं सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त तत्वधान मे वरिष्ठ नागरिको के लिये गुरूवार को शारीरिक गतिशीलता एवं मानसिक कौशल सुधार कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। आयुष विभाग द्वारा शिविर का आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉ उपेंद्र रघुवंशी के निर्देशानुसार वृद्धा आश्रम ईसागढ़ जिला अशोकनगर में किया गया। शिविर मे डॉ दीपक एवं डॉ० रूपेश आयुर्वेद चिकित्सक द्वारा वरिष्ठजनो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टरों व योग प्रशिक्षको के अनुसार, नियमित रूप से प्राणायाम, सूर्य नमस्कार और विभिन्न आसनों का अभ्यास करने से हृदय रोग, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है संतुलित आहार और नियमित योग से स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ रूपेश एवं डॉ दीपक द्वारा वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं पैरामेडीकल स्टाफ द्वारा दवा वितरण किया गया। आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक एवं सहायकों द्वारा योगाभ्यास कराया गया।

### मात्र 5 घंटे में नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया

**अशोकनगर।** 25 फरवरी को पोरूखेड़ी घाट निवासी फरियादी द्वारा थाना नईसरांय में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बहन बिना बताए घर से कहीं चली गई है। रिपोर्ट पर थाना नईसरांय में अपराध क्रमांक 44/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी नईसरांय उनि. मनीष सिंह गुर्जर द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर संभावित स्थानों पर तलाश प्रारंभ की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही करते हुए नईसरांय पुलिस टीम द्वारा मात्र 05 घंटे में नाबालिग बालिका को मक्सी बस स्टैंड, जिला शाजापुर से सकुशल दस्तयाब किया गया। बालिका के कथन के आधार पर प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में खंड स्तरीय रोगी कल्याण समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭शाढ़ौरा



शाढ़ौरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में खण्ड स्तरीय रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। समिति के सचिव एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ.जयकृत सिंह राजपूत द्वारा पूर्व में सूचना जारी कर बैठक बुलाई गई थी। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी शुभ्रता त्रिपाठी ने की।

सात में से तीन सदस्य ही पहुंचे

जानकारी के अनुसार सात सदस्यीय समिति में से मात्र तीन सदस्य सुधीर सिंह रघुवंशी, अशोक माहौर एवं अनिल बांझल ही बैठक में उपस्थित रहे,जबकि चार सदस्य विभिन्न कारणों से अनुपस्थित रहे। इसी दौरान एक समिति सदस्य की अनुपस्थिति में उनके पुत्र राकेश रघुवंशी बैठक में शामिल हुए और पूरी कार्यवाही के दौरान मौजूद रहे।

**बैठक में लिए गए प्रमुख प्रस्तावों पर चर्चा** महिला चिकित्सक की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजने का निर्णय,अस्पताल में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व्यवस्था लागू करने की सहमति, परिसर में जलपान केन्द्र स्थापना का प्रस्ताव, कबाड़, नीलामी एवं अनुपयोगी सामग्री हटाने का निर्णय, शव विच्छेदन कक्ष का आधुनिकीकरण, 100 केवीए ट्रांसफार्मर की स्थापना, फिजियोथेरेपी सेंटर प्रारंभ करने की सहमति जैसे कई मुददे शामिल हैं।

### पिपरई थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**पिपरई।** थाना परिसर पिपरई में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, बैठक थाना प्रभारी ओम प्रकाश मिश्रा द्वारा की गई। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी त्योहारों एवं आयोजनों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने पर विशेष चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने उपस्थितजनों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

### एसडीएम की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय रबी उपार्जन समिति की बैठक आयोजित



**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार के पालन में रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 के संबंध में ईसागढ अनुविभागीय अधिकारी त्रिलोचन गौड की अध्यक्षता में रबी उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अनुविभाग ईसागढ़, शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. गुना शाखा ईसागढ़, शाखा प्रबंधक, लॉजिस्टिक वेयरहाउस ईसागढ़ एवं ऑपरेटर, प्रदाय केन्द्र ईसागढ़ उपस्थित रहे। बैठक में रबी उपार्जन कार्य में अनुविभाग ईसागढ़ किसान पंजीयन संख्या कम होने से शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा ईसागढ़ को समस्त समिति प्रबंधकों को पत्र जारी कर किसानों के अधिक से अधिक पंजीयन कराने हेतु निर्देशित किया तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अनुविभाग ईसागढ़ को ए.ई.ओ. को भी किसानों के बीच जाकर किसान पंजीयन कराने हेतु प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये गए। किसान पंजीयन कार्य शासन द्वारा निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। नियोजनपूर्ण कार्य करते हुए उपार्जन की गतिविधि आगामी माह में सुचारू रूप से संपन्न हो इस हेतु सभी कर्मचारियों को शासन के निर्देशानुसार उपार्जन कार्य समय-सीमा में नियमानुसार पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। रबी उपार्जन में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इन बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

**खबर संक्षेप**

### दिव्यांग महेंद्र सिंह को दिव्यांग पेंशन स्वीकृत

**अशोकनगर।** जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम बारमहू निवासी दिव्यांग महेन्द्र सिंह द्वारा कलेक्टर साकेत मालवीय को अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि वह अपने दोनों पैरों से दिव्यांग हूं। जिसके कारण चलने फिरने में परेशानी होती है। साथ ही जीवन खर्च के लिये आर्थिक स्थिति से जूझना पडता है। इस पर कलेक्टर मालवीय ने जनपद पंचायत अशोकनगर के निरीक्षण के दौरान दिव्यांग महेन्द्र सिंह को मौके पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर को पेंशन स्वीकृत करने के निर्देश दिये गए। साथ ही दिव्यांग की हरसंभव मदद किये जाने हेतु आश्वस्त किया।

### नगर, ग्राम रक्षा समिति के सदस्य विशेष पुलिस अधिकारी घोषित

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी साकेत मालवीय द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रंगपंचमी के अवसर पर करीला मेला 2026 के लिये नगर/ग्राम रक्षा समिति के 194 सदस्यों को 7 मार्च से 9 मार्च 2026 तक करीला मेला में डयूटी हेतु विशेष पुलिस अधिकारी घोषित किया गया है।

### मार्च में अवकाश दिवसों में पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे

**अशोकनगर।** महानिरीक्षक पंजीयन मध्यप्रदेश के आादेशानुसार माह मार्च 2026 में जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने एवं शासन के राजस्व को दृष्टिगत रखते हुए माह मार्च 2026 में होली का अवकाश छोडकर समस्त सार्वजनिक अवकाश दिवसों (प्रत्येक शनिवार व रविवार सहित) पंजीयन खुले रहेगें।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सोनाई पठारिया निवासी लाल सिंह आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जयपाल आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिन्कूपुर निवासी अशोक बागडी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चार व्यक्तियों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवलखों निवासी मिश्रा आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी तुलाराम और रामसखी आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अज्ञात चोर दुबे कॉलोनी से भैंस व पड़िया चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुबे कॉलोनी निवासी अवधेश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर उसके घर के नीचे बंधी भैंस एवं पड़यिा को चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बाइक की टक्कर से गिरकर दो युवक घायल हो गए

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम जमाखेडी थाना पिपरई निवासी हल्केराम लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोमसिंह लोधी ने अपनी बाइक एमपी 67 जेडबी 6380 को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मारी, जिससे वह नीचे जा गिरा गिरा  जिससे उसे चोटे आई हैं।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम भांतपुरा निवासी छोटेलाल सांसी के पास से पुलिस ने 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। कचनार पुलिस ने शहवाजपुर निवासी गोविंद अहिरवार के पास से 5 लीटर और शाढ़ौरा पुलिस ने ग्राम उमरिया डांग निवासी लालाराम कुशवाह के पास से 05 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

## कचरे, पाउच और अन्य सामग्री का केंद्र बने, अधिकारी बेखबर

# कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के कार्यालय के बाहर पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर लगाए गमले








हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पर्यावरण की सुरक्षा और संवर्धन की जिम्मेदारी जिनके कंधों पर है, वही यह अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहे हैं। जिसके कारण पर्यावरण सुरक्षा को नुकसान पहुंच रहा है साथ में कलेक्ट्रेट में इन गमलों को इसलिए लगाया गया था ताकि पूरा भवन पौधों को देखकर बेहतर लगने के साथ सुंदरता में 4 चांद लग सकें और पर्यावरण का संदेश भी दिया जा सके।


स्थानीय कलेक्ट्रेट भवन में सभी कार्यालयों के बाहर कलेक्टर उमा महेश्वरी के कार्यकाल में यह गमले लगाए गए थे। ग्राउंड फ्लोर से लेकर दूसरे तल तक यह गमले पूरी गैलरी में लगाए गए थे। इनमें कईं प्रजाति के कीमती पौधे भी लगे हैं, इन्हें हरा भरा रखने की जिम्मेदारी उन अधिकारियों की है जिनके कार्यालय के बाहर यह गमले शोभायमान हो रहे हैं। पूरे भवन के अंदर लगभग डेढ सौ गमले हैं। इनमें कईं गमले और उनमें लगे पेड़ प्रकृति की सुदंरता का संदेश देते हैं इन पेड़ो को देखकर मन हर्षित हो जाता है। जब कलेक्ट्रेट भवन का भूमि का निरीक्षण किया गया तब देखने में आया कि कईं गमलों में लगे पेड तो सूखकर नष्ट हो गए हैं कईं सूखने की कगार पर हैं। यह मौका तब आता है जब पेड़ों की उपेक्षा कर दी जाए, अगर उन्हें समय पर पानी और देखरेख जैसी व्यवस्था नहीं की जाती तो वह अपना मूल स्वरूप खो देते हैं।

**प्रधानमंत्री के द्वारा चलाया जा रहा है एक पेड़ मां के नाम अभियान**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान भी चलाया गया है। लेकिन किसी को इसकी चिंता नही है। शासकीय योजनाओं को जिनके द्वारा चलाया जाता है, वही इस ओर से पूरी तरह बेखबर हैं। इस संबंध में नागरिकों ने मांग की है कि इस तरह पेड़ों के साथ अन्याय करने वालों के साथ कार्यवाही की जाए तथा पेड़ों की सुरक्षा की जिम्मेदारी तय की जाए। इस तरह का कार्य करने वालों के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया जाए।

### गमलो में लोग थूक रहे हैं पीक और डाल रहे हैं कचरा

लेकिन दुःख, कष्ट और पीड़ा तब होती है जब इन गमलों में लगे पेडों को आज की युवा पीड़ी के लोग उपेक्षित कर उनकी खैर खबर नहीं लेते। कलेक्ट्रेट के ग्राउंड फ्लोर पर जब गमलों का निरीक्षण किया गया तो, कईं गमलों को तो आने वाले लोगों के साथ विभाग के ही कर्मचारियों ने पीकदान बना डाला है। इन गमलों में लोग इस्तेमाल किए जाने वाले कचरे को डाल रहे हैं जबकि इन गमलों में लगे पेड़ हरे भरे हैं। इन पेड़ों की उपेक्षा के साथ इस तरह का कचरा और गुटखा की पीक थूकने के कारण लोगों में नाराजगी है। आमजनों का कहना है कि या तो गमले लगाए ही न जाए अगर लगाए जा रहे हैं तो उनकी देख रेख की जाए लेकिन उन्हें कचरे के ढेर में बदलना, पीक थूकना, कचरा डालना प्रकृति के साथ अन्याय है। सरकार और शासन के अधिकारी पूरे वर्ष भर प्रकृति को सरंक्षित करने की दुहाई देते हैं पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है। यहां आए दिन अधिकारियों के यहां बैठके होती है जिले के प्रभारी मंत्री से लेकर स्थानीय जन प्रतिनिधि भी शामिल होत हैं लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं हैं। कम से कम प्रधानमंत्री के अभियान का ध्यान तो रखा जाए। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान भी प्रतिदिन एक पेड़ लगा रहे हैं। कईं गमलों को देखने के बाद यह भी नजर आया कि पर्याप्त मात्रा में उन्हें पानी भी नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण यह पेड़ सूख रहे हैं।



### ई-दक्ष केंद्र मे ई-औषधि पोर्टल का प्रशिक्षण आयोजित हुआ

अशोकनगर। संचालनालय आयुष निर्देशानुसार एवं कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन मे ई-दक्ष केंद्र अशोकनगर में "ई औषधि पोर्टल" का प्रशिक्षण प्रदेश स्तर से तैयार मास्टर ट्रैनर द्वारा दिया गया। इस ट्रेनिंग में आयुष विभाग अशोकनगर अंतर्गत संचालित सभी आयुर्वेद/होम्योपेथिक औषधालयों के प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए मास्टर ट्रैनर एवं सहायक ट्रेनर के द्वारा ई-औषधि पोर्टल की ट्रेनिंग दी गई जिससे भविष्य में औषधियों की मांग एवं पूर्ति ऑनलाइन की जा सकेगी। जिला आयुष अधिकारी डॉ उपेन्द्र रघुवंशी द्वारा सभी को निर्देश दिए गए कि आगामी समय मे पोर्टल का उपयोग करके ही औषधियों की मांग प्रदेश स्तर पर भेजें।

### कार दीवार तोड़कर घर के अंदर घुसी, बड़ी दुर्घटना टली

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम कोलुआ में सुबह 6 बजे एक कार घर की दीवाल तोड़कर अंदर घुस गई। जब यह घटना हुई उस समय कुछ बच्चे और अन्य लोग घर के अंदर नमाज पड़ रहे थे। यह अच्छा हुआ कि कोई घटना नहीं हुई, इस घटना में कार आगे से क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, कार के नंबरपर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### कलेक्टर ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया

अशोकनगर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साकेत मालवीय द्वारा गुरूवार को तहसील अशोकनगर परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक बाहरी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, जिला कोषालय अधिकारी रविंद्र सूर्यवंशी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। 26 फरवरी फोटो न.20 कलेक्टर ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया।

# जिला जेल का निरीक्षण कर बंदियों को विधिक अधिकारों की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में व न्यायाधीश,सचिव मनीष अनुरागी की उपस्थिति में गुरूवार को जिला जेल अशोकनगर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजन किया गया। साथ ही बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान निरूद्व बंदियों से उनके अधिवक्ताओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर बताया गया कि यदि किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। साथ ही बंदियों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई व बताया गया कि प्रत्येक बंदी को अपने अधिकार और कानूनी सलाह, विधिक सहायता के माध्यम से प्राप्त करने का अधिकार है।

बंदियों को प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही बंदियों से उनके स्वास्थ्य, खान-पान एवं प्रकरणों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली गई। बंदियों से अपील की गई कि जेल सुधार गृह है। यहां रहने के दौरान आत्ममंथन और चिंतन करने की जरूरत है। मन में हताशा एवं निराशा के भाव नहीं रखना चाहिए। जिससे यहां से निकलने के बाद वे समाज में अच्छे नागरिक होने का दायित्व निभा सकें। इसी क्रम में जिला जेल की पाकशाला, लाइब्रेरी, वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष एवं जेल परिसर आदि का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उक्त शिविर में जेल अधीक्षक ललीत दीक्षित, पीएलव्ही विवेक यादव पीएलव्ही, एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहा।

साथ ही 14 मार्च 2026 को जिला न्यायालय अशोकनगर के साथ-साथ तहसील न्यायालय मुंगावली, चंदेरी एवं ईसागढ़ में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत तहसील मुंगावली ओर ग्राम भोपाल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, 138 एन.आई. एक्ट (चैक बाउंस), मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा,श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरण एवं अन्य प्रकार के दीवानी प्रकरणों का आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। पक्षकारों से अपील की जाती है कि वे राजीनामा योग्य प्रकरणों में आपसी सहमति के आधार पर समझोता कर लोक अदालत लाभ उठायें।



### दिव्यांग छात्र, छात्राओं को मूल्यांकन शिविर में उपकरण वितरित किए

अशोकनगर। राज्य शासन के निर्देशानुसार समग्र शिक्षा के अंतर्गत विकास खण्ड मुख्यालय जनपद शिक्षा केन्द्र चंदेरी पर दिव्यांग छात्र छात्राओं को पूर्व में किए गए। सी.डब्ल्यू.एस.एन. के चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर में एलिम्को टीम जबलपुर के द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चयनित किए गए बच्चों को एलिम्को की टीम की उपस्थिति में उपकरण वितरित किए गए। इन उपकरणों में ट्रायसिकल, व्हीलचेयर, वैशाखी, कैलिपर्स, हेयरिंगऐड, रोलेटर, मानसिक दिव्यांग बच्चों को टी.एल.एम. किट, दृष्टिहीन छात्रों को ब्रेल किट आदि उपकरण वितरित किए गए। इस अवसर पर एलिम्को टीम जबलपुर, बीआरसीसी वेद प्रकाश गोयल, बी.ए.सी-रवि चतुर्वेदी, कमलेश चिढ़ार, विवेक जैन, एम आर सी गोधन सिंह नरवरिया, सह समन्वयक प्रकाश राय, डाटा ऑपरेटर जितेन्द्र रैंकवार सहित कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर






कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन में गुरूवार को'किसान कल्याण वर्ष 2026  के उपलक्ष्य में आयोजित म.प्र. राज्य मिलेट मिशन में कृषक कार्यशाला का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र अशोकनगर में किया गया।

जिसमें कृषकों को मोटा अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी, रागी आदि की खेती एवं इन अनाजों के उपयोग से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में बताया गया मोटे अनाजों में फाईबर, आयरन, कैलिशियम, प्रोटीन, मिनरल्स, बिटामिन्स, एंटीऑक्सीडेंट भरपूर होते हैं जिनको भोजन में शामिल करने से पाचन में सुधार, बजन घटाने, हृदय रोग का खतरा कम एवं हड्डियां मजबूत होती हैं। ये ग्लूटेन मुक्त होते हैं जिससे मधुमेह की समस्या में फायदेमंद है इनके उपयोग से शरीर में आयरन, कैल्सियम , पोटाश एवं खून की कमी नहीं होती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों द्वारा मिलेट्स खेती अपनाने हेतु कृषकों को प्रोत्साहित किया गया। कृषकों को प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, मृदा स्वास्थ कार्ड, मोटे अनाजों का महत्व, नरवाई न जलाकर नरवाई का प्रबंधन, उर्वरक वितरण हेतु ई-टोकन प्रणाली,ए.आई.एफ. पी.एम.एफ.एम.ई. आदि कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई ।

कार्यक्रम में जिला कृषि स्थाई समिति अध्यक्ष शीतल सतेन्द्र कलावत, सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल, जगराम सिंह यादव जैविक प्रमुख भारतीय किसान संघ वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी जिलाध्यक्ष भारतीय किसान संघ, रामकृष्ण रघुवंशी भारतीय किसान संघ, रणवीर सिंह यादव, संयुक्त संचालक कृषि आर.एस. शाक्यवार ग्वालियर, उपसंचालक कृषि, अमित सिंह भदौरिया वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. व्ही.एस.गुप्ता, डॉ. व्ही.के. जैन वैज्ञानिक डॉ. हेमन्त कुमार त्रिवेदी वैज्ञानिक, डॉ. इंदर सिंह मिर्धा वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, डॉ. बैजनाथ सिंह यादव बी.टी.एम. सहित किसान बंधू उपस्थित रहे।

## जिले में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुदृढ़ रहे यह सुनिश्चित किया जाए


# कलेक्टर ने पीएचई, जनपद व लोकसेवा केंद्र का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा गुरूवार को जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पहुंचकर ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।


इस दौरान बताया गया कि विभाग में दो सब डिवीजन संचालित है तथा 4 सब इंजीनियर कार्यरत है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जिले में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुदृढ़ रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पेयजल संबंधी शिकायतों की तिथिवार पंजी संधारित किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही हैण्डपम्पों को आउटसोर्स से सुधारे जाने के संबंध में दैनिक रजिस्टर बनाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने एकल नलजल योजना के अंतर्गत चार्ट अनुसार जानकारी संकलित किये जाने तथा तथा साप्ताहिक रिपोर्ट तैयार किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि चालू हैण्डपम्पों का डाटा अपडेट रखा जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के तहत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि प्रतिदिन सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों की सतत समीक्षा की जाएं।





### आवेदनों की जानकारी ली

भ्रमण के दौरान उन्होंने तहसील अशोकनगर परिसर में संचालित लोक सेवा केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोक सेवा केन्द्र में आने वाले आवेदकों से प्राप्त आवेदनों को आवेदन पंजी में इन्द्राज किये जाने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि आवेदन पंजी का संधारण विधिवत हो। साथ ही प्रतिदिन आने आवेदकों तथा सेवाएं प्रदान किये जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदक के हस्ताक्षर पंजी में हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मौके पर ही प्राप्त आवेदन का निराकरण प्रक्रिया को भी समझा तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित आवेदकों से चर्चा कर समय सीमा प्राप्त होने वाले शासकीय सेवाओं के बारे में जानकारी ली।



### जनपद पंचायत अशोकनगर कार्यालय का निरीक्षण किया

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जनपद पंचायत अशोकनगर कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जो नलजल योजनाएं पूर्ण हो गई है,उन्हें संबंधित ग्राम पंचायतों को हेण्डओवर किये जाने की कार्रवाई की जाए। जिससे ग्रीष्मऋतु में पेयजल की उपलब्धता ग्रामीणों को आसानी से हो सके। उन्होंने पंचायतवार पेयजल की उपलब्धता हेतु हेण्डपम्प,सार्वजनिक कूप, निजी स्त्रोत तथा नलजल योजना की एक्सल शीट तैयार किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि नल जल योजना के अंतर्गत एक्सल शीट तैयार की जाए। जिसमें दिनांक वार मोटर चालू का करने का समय,घरों में पेयजल सप्लाई की स्थिति,संचालनकर्ता का नाम संधारित किया जाए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति के संबंध में सीईओ जनपद पंचायत से जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, तहसीलदार भारतेन्द्धु यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शैलेन्द्र यादव, प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र बी.एम.जकेले एवं संबंधित अधिकारी साथ थे।

### कंडे बनाकर चारों ओर अतिक्रमण, किराए के मकान में चल रहा केंद्र

# विडंबना...आंगनबाड़ी भवन में मासूमों की जगह पसरा गोबर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा (राजगढ़)

जनपद पंचायत ब्यावरा की ग्राम पंचायत खजूरिया में बच्चों के हक का सरकारी आंगनबाड़ी भवन बदहाली का प्रतीक बन गया है। लाखों की लागत से बना पक्का भवन बंद पड़ा है और उसके भीतर कंडे (उपले) थोपे जा रहे हैं। दूसरी ओर आंगनबाड़ी केंद्र किराए के मकान में संचालित किया जा रहा है। पंचायत की लापरवाही के चलते सरकारी भवन व पैसों दोनों का बंटाढार हो रहा है और कोई जिम्मेदार देखने वाला नहीं है।

## सरकारी संपत्ति खाली, निजी में किराए पर चल रहा केंद्र

ग्रामीणों का आरोप है कि "भवन दूर है" का तर्क देकर जिम्मेदारों ने इसे बंद कर दिया, जबकि हकीकत में भवन उपयोग योग्य है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब सरकारी संपत्ति खाली पड़ी है तो किराए का भुगतान किस आधार पर किया जा रहा है। बंद भवन का ग्रामीण निजी कार्यों में उपयोग कर रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट है कि निगरानी और जवाबदेही दोनों गायब हैं। किराए के मकान में बच्चों के बैठने, खेलने और पोषण वितरण की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

## 2 साल से महिला बाल विकास दे रहा किराया

हालात यह है कि सरकारी भवन को सही करवाने के लिए पंचायत प्रस्ताव नहीं ला पाई और 2 साल से ज्यादा समय हो गया जब आंगनबाडी केंद निजी भवन में संचालित हो रहा है। बच्चों के हक का सवाल है अब जवाबदेही तय होना जरूरी है।

## अधिकारी क्या लेते है संज्ञान

मामले में महिला बाल विकास अधिकारी लोकेश अग्रवाल ने कहा, कि पंचायत प्रस्ताव भेजेंगी आंगनबाडी भवन में मरम्मत होना है "मैं इसको दिखवा लेता हूं।"
अब देखना होगा कि यह 'दिखवाना' जांच तक सीमित रहता है या कार्रवाई भी होती है।ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल निरीक्षण कर केंद्र को सरकारी भवन में शिफ्ट किया जाए और जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो।

## फैक्ट फाइल

स्थान - ग्राम पंचायत खजूरिया, जनपद पंचायत ब्यावरा, जिला राजगढ़
मामला - सरकारी आंगनबाड़ी भवन बंद
आरोप - भवन में व आसपास कंडे थोपे जा रहे, ग्रामीण कर रहे निजी उपयोग
वर्तमान संचालन - किराए के मकान में आंगनबाडी केंद्र संचालित
अधिकारी का बयान - "दिखवा लेता हूं"
मांग - जांच और तत्काल शिफ्टिंग

## कौन लेगा जिम्मेदारी !

क्या बिना उच्चाधिकारियों की जानकारी के भवन बंद हो सकता है?
जब सरकारी भवन मौजूद है तो किराए का भुगतान क्यों?
बच्चों की सुरक्षा और सुविधाओं की जिम्मेदारी किसकी?
क्या निरीक्षण कभी हुआ या सिर्फ कागजों में ही व्यवस्था पूरी है?

### नहीं थे कोई सूत्र पुलिस ने तकनीकी सहायता से पकड़े आरोपी

# एक माह के अंदर दूसरी बड़ी लूट का सारंगपुर पुलिस ने किया खुलासा

- **एफआईआर के 48 घंटे में माल सहित आरोपी गिरफ्तार 37.80 लाख का माल बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



एक माह के अंतराल में सारंगपुर पुलिस ने मसूर से भरे ट्रक लुट का खुलासा किया ही था कि दूसरी घटना हार्डवेयर से भरे ट्रक की लुट की घटना संज्ञान में आई । इस दौरान फरियादी रामवीर जाट ने 20 फरवरी 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 फरवरी को उनका ट्रक (एच आर 69 एफ 4093) भारत इंजीनियरिंग कंपनी से माल लोड कर नासिक के लिए रवाना हुआ था। रास्ते में ड्राइवर टीनू शर्मा ने फोन पर वाहन में समस्या आने की जानकारी दी। बाद में ड्राइवर का फोन बंद हो गया और जीपीएस लोकेशन सारंगपुर कृषि उपज मंडी के पास मिली। 19 फरवरी को वाहन मालिक मौके पर पहुंचे तो ट्रक खाली मिला और माल गायब था। इस सारंगपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर एस डी ओ पी अरविंद सिंह। के मार्ग दर्शन में विशेष टीम गठित कर सारंगपुर पुलिस ने 11 टन लोहे से भरे ट्रक की लूट का महज 48 घंटे में पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लूटे गए 11 टन लोहे के नट-बोल्ट (कीमत लगभग 12 लाख रुपये), 6 चक्का ट्रक (कीमत 25 लाख रुपये) एवं एक मोटरसाइकिल (कीमत 80 हजार रुपये) सहित कुल 37 लाख 80 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया है।

इस सफलता के लिए सारंगपुर बायपास से लेकर विभिन्न स्थानों के 140 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर दो संदिग्धों की पहचान की गई। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने मोटरसाइकिल से ट्रक रुकवाकर ड्राइवर से मारपीट की और ट्रक व माल छीन लिया। पुलिस ने आरोपियों अभिषेक पिता संजय मिश्रा (28) निवासी मुसाखेड़ी, इंदौर एवं जितेंद्र पिता बालाराम राठौर (31) निवासी सुल्तानिया, थाना पचोर, जिला राजगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पूरे प्रकरण में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं एसडीओपी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा,उप निरीक्षक अमित त्यागी,सहायक आनंदीलाल भिलाला,आरक्षक अतुल मौर्य,बनवारी गुर्जर सत्येंद्र रघुवंशी सहित टीम की सराहनीय भूमिका रही।

**स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास की बैठक आहूत**

# कुपोषण पर प्रशासन सख्त अमले को दिए तल्ख निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले में कुपोषण के समूल उन्मूलन के लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके बावजूद कुपोषण का दंश खत्म नहीं हो पा रहा है। ऐसे में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एनआरसी संचालन, बेड ऑक्यूपेंसी, गंभीर तीव्र कुपोषित एवं मध्यम तीव्र कुपोषित बच्चों की भर्ती तथा माताओं को देय मजदूरी प्रतिपूर्ति की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अस्पतालों में शत-प्रतिशत से कम बेड ऑक्यूपेंसी पर कड़ी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में कम बेड ऑक्यूपेंसी स्वीकार नहीं की जाएगी तथा कारणों की बिंदुवार जांच कर सुधारात्मक कार्यवाही की जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वयं सुपरवाइजर से प्रश्न किया कि गंभीर तीव्र कुपोषित एवं मध्यम तीव्र कुपोषित श्रेणी के चिन्हित बच्चों को तत्काल एनआरसी में भर्ती क्यों नहीं किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे सभी बच्चों की तुरंत भर्ती सुनिश्चित की जाए।

## दो महिला कर्मचारियों पर कार्यवाही के निर्देश

बैठक के दौरान जिला चिकित्सालय में पदस्थ मंजू सिसोदिया एवं रचना मेवाड़े द्वारा एनआरसी में भर्ती बच्चों का नियमित फॉलोअप नहीं किए जाने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। साथ ही खुजनेर, ब्यावरा एवं राजगढ़ के सीडीपीओ को खराब प्रदर्शन पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सबसे कम प्रदर्शन करने वाली सुपरवाइजर की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश भी दिए गए।

# नर्सिंग छात्राओं को दिलवाई गई मरीजों की सेवा-शुश्रूषा की शपथ

### जीएनएम नर्सिंग महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय स्थित जीएनएम नर्सिंग महाविद्यालय में इस वर्ष नव-प्रवेशित छात्राओं के लिए शपथ-ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सेवा, समर्पण और मानवीय मूल्यों के साथ मरीजों की सेवा-सुश्रुषा की शपथ दिलवाई गई। आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम निधि भारद्धाज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं बल्कि सेवा और संवेदनशीलता का माध्यम है। नर्सिंग कोर्स पूर्ण होने के बाद जब आपको मरीजों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी तब सभी को पूर्ण ईमानदारी और निष्ठाभाव के साथ अपने दायित्वों का निवर्हन करना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. अंजली शर्मा ने नर्सिंग के क्षेत्र में अनुशासन, धैर्य, करुणा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को निरंतर अध्ययन और व्यवहारिक दक्षता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज प्राचार्या श्रीमती मनीषा हठीला ने कहा कि यह शपथ आपको समाजसेवा के उच्च आदर्शों की ओर अग्रसर करेगी। इस अवसर पर सावित्री वर्मा, टीना थामस, रश्मि तोमर, सुष्मा टोंडेल, माया हिते सहित छात्राएं और स्टाफ उपस्थित रहा।

# घुमंतु गौरव कप 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल , कड़िया 11 बनी विजेता




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विमुक्त, घूमन्तु एवं अर्धघूमन्तु समाज विकास समिति मध्यभारत प्रांत, द्वारा आयोजित घूमन्तु गौरव कप 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन गुरुवार को पब्लिक क्लब ग्राउंड, ब्यावरा में हुआ।

टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में महाराणा प्रताप दूधी और कड़यिा 11 के बीच रोमांचक मैच खेला गया, जिसमें कड़यिा 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।विजेता टीम कड़यिा 11 को प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 हजार नकद एवं शील्ड प्रदान की गई, जबकि उपविजेता महाराणा प्रताप दूधी टीम को 21 हजार नकद एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रांत घूमन्तु कार्य प्रमुख लखन विश्वकर्मा ने बताया कि यह टूर्नामेंट 16 फरवरी से प्रारंभ हुआ था, जिसमें मध्यप्रदेश के 8 जिलों से कुल 29 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य समाज में खेल भावना, संगठन और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना रहा। समापन में विभाग संघचालक उदय सिंह चैहान, अभा घूमन्तु समाज कार्य प्रमुख दुर्गादास व्यास, क्षेत्र कार्यवाह अशोक अग्रवाल, जगतगुरु शंकराचार्य दीक्षा महाराज, कलेक्टर गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया, प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता, सह प्रांत प्रचारक सुरेंद्र सिंह, संगठन मंत्री क्रीड़ा भारती गिरीश जायसवाल, कैबिनेट मंत्री बाबूलाल बंजारा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# नकली नोट चलाने वाले गिरोह को 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास, अर्थदंड भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नकली नोट बनाकर बाजार में चलाने वाले गिरोह के चार आरोपियों को न्यायालय ने कठोर सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक बृज किशोर चैहान ने बताया कि सारंगपुर न्यायालय के द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश राहुल सिंह ने प्रकरण क्रमांक 403७2022 में फैसला सुनाते हुए आरोपियों को दोषी ठहराया। अभियोजन के अनुसार 9 अप्रैल 2022 को दोपहर करीब 12रू30 बजे आगर तिराहा, सारंगपुर के पास एक व्यक्ति के नकली 500-500 रुपये के नोट बाजार में असली के रूप में चलाने की फिराक में होने की सूचना पुलिस को मिली। सारंगपुर पुलिस थाना ने मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध को पकड़कर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से 500 रुपये के 17 नकली नोट बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रेम सिंह निवासी ग्राम बिरजीपुरा बताया तथा अपने साथियों मांगीलाल, मुकेश एवं जितेंद्र के नाम उजागर किए। पुलिस ने अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर उनके पास से नकली नोट जब्त किए। प्रकरण में भारतीय दंड संहिता की धारा 489-ए, 489-बी, 489-सी, 489-डी एवं 201 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया गया। न्यायालय ने 14 गवाहों के बयान एवं साक्ष्यों के आधार पर चारों आरोपियों को धारा 489-बी में 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10-10 हजार रुपये अर्थदंड तथा धारा 489-सी में 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5-5 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। निर्णय के बाद सभी आरोपियों को सारंगपुर जेल भेज दिया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक बृज किशोर चैहान ने की।

# नवीन बस स्टैंड के पीछे फैली गंदगी हटाने एवं क्षतिग्रस्त मूत्रालय की मरम्मत के निर्देश



**सारंगपुर।** गुरुवार को नगर पालिका सारंगपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक कुमार रानवे ने नवीन बस स्टेण्ड क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बस स्टेण्ड के पीछे काफी मात्रा में गंदगी पाई गई तथा पूर्व निर्मित मूत्रालय क्षतिग्रस्त अवस्था में मिला, जिससे आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं को असुविधा हो रही थी। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ रानवे ने तत्काल उपयंत्री एवं स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे को मौके पर बुलाकर बस स्टेण्ड के पीछे फैली गंदगी को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए। साथ ही उपयंत्री को क्षतिग्रस्त मूत्रालय की तत्काल मरम्मत कर उसे सुचारू रूप से चालू करने के निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने बस स्टेण्ड परिसर में ठेके पर फल एवं अन्य सामग्री बेचने वाले विक्रेताओं को यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने हेतु अपने ठेले व्यवस्थित ढंग से लगाने की समझाइश दी। साथ ही सभी दुकानदारों एवं व्यापारियों को खुले में कचरा नहीं फेंकने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में स्वच्छता निरीक्षक को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय नगर पालिका के उपयंत्री विक्की ब्राह्मणे, स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे एवं सफाई दरोगा जितेंद्र भैरवे उपस्थित रहे।

# शासकीय महाविद्यालय छापीहेड़ा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से बना सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

ग्राम खजूरी गोकुल में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस का संचालन के छठवें दिन विशेष अतिथि के रूप में शर्मा पधारे पहले मां सरस्वती के चित्र पर मालिया अर्पण कर दीप प्रज्वलित किया तथा शिक्षा को महत्व देते हमारे जीवन को संवारने के लिए महत्वपूर्ण जीवन जीने के लिए महत्वपूर्ण सीख को शिक्षा के माध्यम से सीखना पड़ता है वैसे ही जीवन में उपयोगी जो हमारे दैनिक जीवन में आधार बनाकर नित्य आते हैं उन्हें हम कैसे निर्वहन करते हैं शरीर के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी शुद्ध वस्तुओं का सेवन करना इसी के साथ-साथ स्वच्छता एवं श्रमदान के लिए पल पल तैयार रहना इसी को समर्पण कहते हैं जीवन में उपयोगी वस्तुओं के साथ-साथ वृक्षारोपण अत्यंत जरूरी वृक्ष हमको जीवन दान देते क्योंकि वृक्ष में भी जान होती हे गर मन के भाव से वृक्ष को रोज पानी देने से एक दिन चूक जाते हैं तो वृक्ष हमाररी राह तकता है मनुष्य जीवन को जीने के लिए ऑक्सीजन अत्यंत जरूरी है हमको ऑक्सीजन वृक्ष ही प्रदाय करते हैं जीवन में हर व्यक्ति को एक वृक्ष रोपण जरूर करना चाहिए वृक्षारोपण करने का संकल्प लेना चाहिए साथ-साथ नकारात्मक चीजों को मन से दूर और सकारात्मक चीजों को अपनाना चाहिए के माध्यम से जो सिख सिखाई जाती है वह जीवन के हर पहलू पर खरी उतरती है जो उद्देश्य सरोकार साबित होते हैं उनका उद्बोधन निस्वार्थ भाव से होना चाहिए छठवें दिन में आज कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चाओं के साथ-साथ शिक्षा सत्र को बढ़ावा देते हुए छापीहेड़ा के वेंध नरेंद्र कुमार शर्मा द्वारा महत्वपूर्ण विषयों को विस्तार पूर्वक बखान कर समझाया गया तथा उनके उद्देश्यों को जीवन में उपयोगी बातें मन में संग्रह करने के लिए प्रेरित भी किया।

### मंदिर में खूब बरसेगा रंग-गुलाल होगी भजन संध्या आयोजित

# खाटू श्याम मंदिर पर भव्य फाग महोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा





नगर के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुनी एकादशी के पावन अवसर पर शुक्रवार, 27 फरवरी को भव्य फाग उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भजन संध्या, रंग-गुलाल उत्सव और छप्पन भोग जैसे विशेष धार्मिक कार्यक्रम होंगे। मंदिर प्रबंधन समिति और श्याम परिवार द्वारा इस आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं, जिसमें करीब डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। उत्सव के लिए मंदिर परिसर को आकर्षक फूलवारी और रंग-बिरंगी सजावट से सजाया जा रहा है। बाबा खाटू श्याम जी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा, जिसके लिए उज्जैन से 51 किलो ताजे फूल मंगवाए गए हैं। इंदौर से आर्टिफिशियल फूलवारी भी लाई गई है।

दिल्ली और इंदौर से मंगवाए गए 11 क्विंटल ताजे फूलों से प्रसिद्ध कलाकार बनवारी पुष्पद मंदिर की भव्य सजावट कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार फाग उत्सव के अवसर पर मंदिर को खाटू धाम की तर्ज पर सजाया जा रहा है। फाल्गुनी एकादशी के दिन श्रंग भरी एकादशीश कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें श्रद्धालु बाबा को रंग-गुलाल अर्पित करेंगे और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर खुशियां मनाएंगे। मंदिर समिति के अनुसार, इस अवसर पर लगभग डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पहुंचने की उम्मीद है।आयोजन के तहत शुक्रवार शाम को भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें भजन गायक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे, जो देर रात 12 बजे तक चलेगी। इसके बाद रात्रि में बाबा को छप्पन भोग अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। मंदिर समिति ने उत्सव को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में अमित झांझोरिया, सुनील नैनावत, सुरेश गुदेन, जीतू पटवारी, श्याम सुंदर गुदेन, मदन हाड़ा, संजेश गुदेन एवं राजपाल छाड़ी सहित समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। टूर्नामेंट के समापन पर खिलाड़ियों और दर्शकों में उत्साह का माहौल रहा।

## कृषि मंडी का मामला शून्यकाल में उठाया

**विदिशा।** विधायक मुकेश टंडन ने विधानसभा में शून्यकाल के दौरान मिर्जापुर स्थित नवीन कृषि उपज मंडी की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि मंडी में प्रतिवर्ष लगभग 26 लाख क्विंटल गेहूं एवं 16 लाख क्विंटल धान की आवक होती है, जिससे स्थान की गंभीर कमी बनी रहती है।

**नाम परिर्वतन सूचना**

मैं.न. 15786571Y रैंक Ex नायक नाम शिव सिंह दांगी सूचना करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड के मुताबिक मेरी बच्ची का नाम हेमलता बाई (HEMLATA BAI) लिखा गया है जो गलत है। आधार कार्ड, पेन कार्ड, अंकसूची के मुताबिक मेरी बच्ची का नाम हेमलता (HEMLATA) है जो सत्य है